दैनिक सवेरा टाइम्स

पंजाब की एन.एस.एस. वालंटियर श्रेया मैनी का राष्ट्रीय एन.एस.एस. अवार्ड के लिए चयन

मीत हेयर ने श्रेया को इस प्रतिष्ठित पुरस्कार के लिए चुने जाने पर दी बधाई

सवेरा न्यूज/राजेश योगी/
कुश चावला

जालंधर, 26 सितंबर : पंजाब की एन.एस.एस. वालंटियर श्रेया मैनी को उनके शानदार लोक कल्याण के कामों और एन.एस.एस. वालंटियर के तौर पर उत्साहित भावना से देश की सेवा करने के लिए केंद्रीय युवक मामले और खेल मंत्रालय की तरफ से 2021-22 के लिए एन.एस.एस. अवार्ड (वालंटियर श्रेणी) के लिए चुना गया है।

खेल और युवा सेवाएं मंत्री गुरमीत सिंह मीत हेयर ने उनको इस पुरस्कार के लिए चुने जाने पर बधाई देते हुए कहा कि यह पंजाब के लिए सम्मान वाली बात है। श्रेया मैनी पंजाब के उन युवाओं के लिए मार्गदर्शक है, जिन्होंने एन.एस.एस. वालंटियर के तौर पर समाज सेवा के क्षेत्र में सेवाएं निभाई हैं। एपीजे इंस्टीच्यूट आफ मैनेजमैंट एंड इंजनियरिंग टैक्नीकल कैंपस, जालंधर की इस विद्यार्थी ने जालंधर जिले में कोविड-19 के बारे में जागरूकता पैदा करने संबंधी गतिविधियों और अलग-अलग टीकाकरण कैंपों में हिस्सा लिया था। उनके द्वारा किए मुख्य कामों में स्वच्छ भारत अभियान, वातावरण संभाल, जरूरतमंदों को गर्म कपड़े प्रदान करना, बेसहारा बच्चों के लिए स्टेशनरी आइटम और शैल्टर होम्ज में सूखे भोजन की वस्तुएं शामिल हैं। गोद लिए गांवों को 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', उज्जवला योजना और प्रधान मंत्री बीमा योजना जैसी अलग-अलग योजनाओं के बारे में जागरूक किया गया। उन्होंने पराली जलाने, प्लास्टिक के खतरों और वातावरण, किसानों और खपतकारों के लिए बाजरा की महत्ता के बारे में भी जागरूकता पैदा करने संबंधी गतिविधियों को सक्रियता से हिस्सा लिया। भारत के राष्ट्रपति 29 सितंबर को राष्ट्रपति भवन, नयी दिल्ली में श्रेया मैनी को 1,00,000 रुपए के नकद ईनाम, सर्टीफिकेट और सिलवर मैडल सहित एन.एस.एस. अवार्ड (वालंटियर श्रेणी) के साथ सम्मानित करेंगे।

JALANDHAR SAVERA Edition
Sep 27, 2023 Page No. 8
Powered by : eReleGo.com